**NEWS CLIPPING: 12.08.2020**

## THE TRIBUNE

# JC BOSE UNIVERSITY INKS MoU WITH ASSOCHAM COUNCIL

**Faridabad:** To take initiatives to another level and to promote eco-friendly activities on the campus, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, inked an MoU with the ASSOCHAM National Council for Green and Eco-friendly Movement (CGEM) to promote mutual cooperation and exchange programmes in the field of environment sustainability. The MoU ceremony, which was held on a digital platform, was attended by Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar, registrar Dr SK Garg, chairperson of environmental engineering department Dr Renuka Gupta, director, industrial relations Dr Rashmi Popli from the university, and chairman of CGEM Pankaj Dharkar and senior director Neeraj Arora from ASSOCHAM. ASSOCHAM CGEM offers a sustainability certification programme which is specifically designed for the sustainable design and development of the buildings and related developments, to enhance the knowledge of building professionals on green building concepts and technologies. This collaboration will facilitate the students of the university from environmental science, civil engineering and mechanical engineering background to get exposure to green building design strategies, waste management and sustainable development. It will facilitate the students to participate in the training programme on green building certification conducted by the CGEM apart from seminars and workshops on the issue of environment sustainability. The environmental science department will act as the nodal department to execute collaborative initiatives with the CGEM. Expressing pleasure over the tie-up, the V-C said the green initiatives of ASSOCHAM would help the university in getting expertise in green and eco-friendly development as the university has a plan to develop its second campus in Bhakari village of Faridabad which comes under the Gurugram-Faridabad Aravali hills forest range.

The Tribune Wed, 12 August 2020
https://epaper.tribune

**NEWS CLIPPING: 12.08.2020**

## PUNJAB KESARI

# एसोचैम की पर्यावरण हितैषी मुहिम में शामिल हुआ जेसी बोस विश्वविद्यालय

फरीदाबाद, 11 अगस्त (ब्यूरो): हरित एवं पर्यावरण हितैषी पहल के लिए एक और कदम बढ़ाते हुए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में परस्पर सहयोग तथा अकादमिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एसोचैम की नेशनल काउंसिल फॉर ग्रीन एंड इको-फ्रेंडली मूवमेंट (जीईएम) के साथ समझौता किया है। समझौते के तहत विश्वविद्यालय जीईएम के पर्यावरण मैत्री कार्यक्रम में भागीदारी करेगा। एसोचैम-जीईएम द्वारा पर्यावरण अनुकूल ग्रीन बिल्डिंग डिजाइन और निर्माण को बढ़ावा देने के लिए स्थिरता प्रमाणन कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। डिजिटल प्लेटफार्म पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, पर्यावरण इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्षा डॉ. रेणुका गुप्ता, इंडस्ट्रियल रिलेशन्स सेल की निदेशक डॉ. रश्मि पोपली और एसोचैम जीईएम की ओर से पंकज और वरिष्ठ निदेशक नीरज अरोड़ा उपस्थित थे। इस समझौते से विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान, सिविल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को ग्रीन बिल्डिंग डिजाइन, कचरा प्रबंधन तथा सतत विकास से संबंधित अहम रणनीतिक जानकारी प्राप्त होगी। विद्यार्थियों को पर्यावरण स्थिरता के विषयों पर सेमिनार और कार्यशालाओं के अलावा जीईएम द्वारा आयोजित ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेशन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने की सुविधा भी प्राप्त होगी।

**विश्वविद्यालय ने किया एसोचैम-जीईएम के साथ समझौता**

पंजाब केसरी ई-पेपर
Wed,12 August 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

**NEWS CLIPPING: 12.08.2020**

**THE PIONEER**

# पर्यावरण हितैषी मुहिम में शामिल हुआ जेसी बोस

## विश्वविद्यालय ने किया एसोचैम-जीईएम के साथ समझौता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

हरित एवं पर्यावरण हितैषी पहल के लिए एक और कदम बढ़ाते हुए वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में परस्पर सहयोग तथा अकादमिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एसोचैम की नेशनल काउंसिल फॉर ग्रीन एंड इको-फ्रेंडली मूवमेंट (जीईएम) के साथ समझौता किया है। समझौते के तहत विश्वविद्यालय जीईएम के पर्यावरण मैत्री कार्यक्रम में भागीदारी करेगा। एसोचैम-जीईएम द्वारा पर्यावरण अनुकूल ग्रीन बिल्डिंग डिजाइन और निर्माण को बढ़ावा देने के लिए स्थिरता प्रमाणन कार्यक्रम चलाये जा रहे है। डिजिटल प्लेटफार्म पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, पर्यावरण इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्षा डॉ. रेणुका गुप्ता, इंडस्ट्रियल रिलेशन्स सेल की निदेशक डॉ. रश्मि पोपली, और एसोचैम जीईएम की ओर से पंकज धड़कड़ और वरिष्ठ निदेशक नीरज अरोड़ा उपस्थित थे।



इस समझौते से विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान, सिविल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को ग्रीन बिल्डिंग डिजाइन, कचरा प्रबंधन तथा सतत विकास से संबंधित अहम रणनीतिक जानकारी प्राप्त होगी। विद्यार्थियों को पर्यावरण स्थिरता के विषयों पर सेमिनार और कार्यशालाओं के अलावा जीईएम द्वारा आयोजित ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेशन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने की सुविधा भी प्राप्त होगी। समझौते के अंतर्गत सहयोगात्मक कार्यक्रमों को लागू करने के लिए विश्वविद्यालय का पर्यावरण विज्ञान विभाग नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एसोचैम की पर्यावरण मैत्री पहल विश्वविद्यालय को ग्रीन और इको-फ्रेंडली डेवलपमेंट में विशेषज्ञता प्राप्त करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की योजना फरीदाबाद के गांव भाकरी में दूसरा परिसर स्थापित करने की है जोकि गुरुग्राम-फरीदाबाद अरावली पहाड़ियों के वन क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

**NEWS CLIPPING: 12.08.2020**

**HINDUSTAN**

# स्वच्छ पर्यावरण के लिए समझौता

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पर्यावरणीय के क्षेत्र में परस्पर सहयोग और अकादमिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए एसोचैम की नेशनल काउंसिल फॉर ग्रीन एंड इको-फ्रेंडली मूवमेंट (जीईएम) के साथ मंगलवार को समझौता किया गया। विश्वविद्यालय जीईएम के पर्यावरण मैत्री कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाएगा। एसोचैम-जीईएम की ओर से पर्यावरण अनुकूल ग्रीन बिल्डिंग डिजाइन और निर्माण को लेकर कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 12.08.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# पर्यावरण के लिए साथ करेंगे काम

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में सहयोग व अकादमिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए से एसोचैम की नैशनल काउंसिल फॉर ग्रीन एंड ईको-फ्रेंडली मूवमेंट (जीईएम) के साथ समझौता किया है। इसके तहत यूनिवर्सिटी जीईएम के पर्यावरण मैत्री कार्यक्रम में भागीदारी करेगी। एमओयू साइन करने के लिए डिजिटल प्लैटफॉर्म पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार, कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, पर्यावरण इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्षा डॉ. रेणुका गुप्ता, इंडस्ट्रियल रिलेशंस सेल की निदेशक डॉ. रश्मि पोपली और एसोचैम जीईएम की तरफ से पंकज धड़कड़ व नीरज अरोड़ा उपस्थित रहे।